परम रम्य गिरिबरु कैलासू। सदा जहां सिव उमा निवासू।
चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू।
| Ram Katha 938 – मानस सप्त शिखर || Shri Sammed Shikharji, Jharkhnad || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 339 | इंदौर, शुक्रवार 21 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# खंडवा में भूकंप के झटके

## रिक्टर पैमाने पर 3.6 तीव्रता कंपन, घरों से बाहर निकल आए लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा में शुक्रवार सुबह 9 बजकर 4 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 3.6 मापी गई है। केंद्र खंडवा से 10 किलोमीटर दूर रहा। फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।**

शहर के नागचून रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कीर्ति नगर, नवकार नगर, गुलमोहर कॉलोनी, आनंद नगर, माता चौक, इमलीपुरा, हातमपुरा, सिंघाड़ तलाई, छैगांवमाखन समेत कई इलाकों में कंपन से डरे लोग घरों से बाहर निकल आए थे।

एडीएम काशीराम बडोले ने कहा, 'स्थानीय मौसम विभाग ने झटकों की तीव्रता 3.6 बताई है। यह सिर्फ कंपन तक सीमित रहा। किसी प्रकार के नुकसानी की सूचना नहीं मिली है। खंडवा के पदमनगर में रहने वाले गणेश




गुरबानी का कहना है कि भूकंप से उनके घर की दीवार में दरारें पड़ गई हैं।

खंडवा के हनुमान नगर निवासी कॉन्ट्रेक्टर जितेंद्र सिंह सावनेर ने कहा, मैं सुबह करीब 9 बजे बिस्तर पर बैठा था, तभी अचानक कंपन हुआ। घर के खिडक़ी-दरवाजे हिलने लगे। मैं समझ गया कि यह भूकंप के झटके हैं। मैं नीचे आया और पत्नी को लेकर घर से बाहर निकला। बाहर पहले से मोहल्ले के लोग इक_ा थे। उन्होंने भी झटके महसूस किए।

भूकंप के झटकों से खंडवा के छैगांवमाखन में इंदौर रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप का सीसीटीवी हिल गया। भूकंप के झटकों से खंडवा के छैगांवमाखन में इंदौर रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप का सीसीटीवी हिल गया।

### ❑ भूकंप ऑब्जर्वेटरी की रीडिंग से तय होगा केंद्र

इंदिरा सागर बांध बनने के बाद खंडवा जिले में 6 भूकंप ऑब्जर्वेटरी बनाई गई हैं। इन सभी पर दर्ज रीडिंग देखने के बाद ही सही भूकंपीय केंद्र तय होगा। प्राथमिक तौर पर जलकुआं-रामपुरा कलां के पास भूकंप का केंद्र तय किया गया है। यह गांव खंडवा-अमरावती रोड पर है, जहां तीस सेकंड का ट्रेमर बताया गया हैं।

# सीएम ने भोपाल में योगाभ्यास किया

## राज्यस्तरीय कार्यक्रम में "श्रीअन्न संवर्धन अभियान" का शुभारंभ





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में योग दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री में आवास में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर "श्रीअन्न संवर्धन अभियान" का शुभारंभ किया।**

दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भोपाल में भी राज्यस्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने योगाभ्यास किया। पहले यह कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड में रखा गया था, लेकिन बारिश के चलते स्थान में परिवर्तन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। साथ ही कहा कि 10 साल पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में योग से निरोग का प्रस्ताव रखा था, जो पारित हुआ। आज दुनिया योग के कार्यक्रम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को हमने पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। योग के शिक्षकों को बराबर का दर्जा देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि योग से हम शारीरिक, मानसिक शांति पाते है। योग की कल्पना की गई कि हम अपने जीवन के 100 साल पूरा करे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज  खोल रही है। इससे आयुर्वेद के क्षेत्र में प्रदेश की भूमिका बड़े स्तर पर सामने आएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय राजेश राजौरा, डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।




# योग दिवस- मंत्री विजयवर्गीय, महापौर ने किया योग





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आज दसवां विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। इस बार यह दिन स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य आयोजन बड़ा गणपति चौराहा स्थित गवर्नमेंट शारदा गर्ल्स हायर सेकण्डरी स्कूल में शुरू हुआ। यहां मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में योग किया गया। गोपुर चौराहा पर योग मित्र अभियान में मेयर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में योग किया। इसमें भी काफी संख्या में लोग पहुंचे। इसके अलावा अभय प्रशाल में भी योग सेशन हुए। इसमें भी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने योगाभ्यास किया। यहां योग सेशन में कुछेक विदेशी भी शामिल हुए। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के योग मित्र अभियान के तहत इस भव्य योग सत्र में नगर निगम इंदौर के साथ संस्था योग मित्र, आरोग्य भारती, और आस्था योग केंद्र ने भी सहयोग किया।

# मानसून में देरी और भीषण गर्मी से सूखने लगे तालाब, बोरिंग का पानी खत्म, नर्मदा सप्लाई भी कम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मानसून में देरी और भीषण गर्मी अब लोगों के लिए असहनीय होती जा रही है। इंदौर में सामान्यतः मानसून का आगमन 12 जून के आसपास माना जाता है। पिछले साल 2023 में भी मानसून लेट हुआ था और 25 जून को आया था और उससे पहले 2022 में मानसून 17 जून को आ गया था। इस बार प्री मानसून एक्टिविटी में भी बारिश नहीं हुई जिसकी वजह से शहर में उमस और गर्मी से लोग परेशान हैं। मई में इस बार पारा 44 पार गया और हीट वेव चली अभी भी पारा 38 पार चल रहा है।





### डेढ़ हजार रुपए तक हुए टैंकर

शहर में तीन सौ से पांच सौ रुपए तक मिलने वाले टैंकर डेढ़ हजार रुपए तक हो गए हैं। लोग सुबह से अपनी नौकरी और व्यापार को छोड़कर टैंकरों के लिए लाइन में लगे हैं। टैंकर भी वेटिंग में चल रहे हैं। पार्षदों के दफ्तरों पर लोग सुबह से लाइन में लग जाते हैं, यदि यहां से निःशुल्क टैंकर मिलता है तो ठीक है वरना वह डेढ़ हजार रुपए तक टैंकर खरीद रहे हैं।

### तालाबों में जल स्तर कम

पिछले साल की तुलना में ताबालों की स्थिति भी ठीक नहीं है। यशवंत सागर में 2023 की तुलना में इस साल एक फीट और पानी कम हो गया है और बड़ा बिलावली तालाब में तो पानी पिछले साल की तुलना में चार फीट तक कम है। पीपल्यापाला में पिछले साल 15 जून तक 12 फीट पानी था जो इस साल 3.8 फीट ही रह गया है।

### 800 फीट तक पहुंचे बोरिंग

शहर के 40 प्रतिशत से अधिक बोरिंग सूख चुके हैं। 800 फीट तक बोरिंग करके पानी निकालना पड़ रहा है। रेवती रेंज में 11 लाख पौध रोपण के लिए बोरिंग किया गया। यहां जल स्तर 800 फीट नीचे चला गया। शहर का 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पानी के लिए बोरिंग पर निर्भर है। यहां पर नर्मदा का पानी नहीं आता है. यहां पर तो हालात बेहद कठिन हैं। लोग एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। चंदन नगर, बाणगंगा, देव नगर, गणराज नगर, मुसाखेड़ी जैसे इलाकों में ज्यादा जलसंकट हैं।

### 15 जून तक तालाबों की स्थिति

| तालाब | क्षमता | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|
| यशवंत सागर | 19 फीट | 11.8 फीट | 10.5 फीट |
| बड़ा बिलावली | 34 फीट | 23.7 फीट | 19 फीट |
| छोटा बिलावली | 12 फीट | 0 | 0 |
| बड़ा सिरपुर | 16 फीट | 9.2 फीट | 9.3 फीट |
| छोटा सिरपुर | 13 फीट | 10.9 फीट | 12 फीट |
| पीपल्यापाला | 22 फीट | 12 फीट | 3.8 फीट |
| लिम्बोदी | 16 फीट | 0 | 0 |

### मानसून की स्थिति

मौसम वैज्ञानिक एचएल तापड़िया के मुताबिक इंदौर में अभी एक दो दिन गर्मी बनी रहेगी। हवाओं की गति के अनुसार 23-24 जून के आसपास मानसून आने की संभावना है। साल 2023 में प्रदेश में 100 फीसदी बारिश हुई थी, मौसम विभाग के मुताबिक इस बार भी इससे ज्यादा आंकड़ा रहने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मानसून महाराष्ट्र में स्थिर है। अगले 2 से 3 दिन में यह आगे बढ़ सकता है। इसके बाद ही मध्यप्रदेश में आएगा। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के मुताबिक फिलहाल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से मध्यप्रदेश के ज्यादातर हिस्से में आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है।

### *निगम ने अभी तक शुरू नहीं की नालों की सफाई*

नगर निगम ने मानसून के करीब आने बावजूद नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना का शुरू नहीं किया है। वहीं नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जलभराव वाले क्षेत्रों का ध्यान रखें और सफाई का विशेष ध्यान दें, ताकि बारिश के दौरान कोई परेशानी न हो।

### *बोरिंग सूखे, नर्मदा सप्लाई आधी*

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की रिपोर्ट के अनुसार, इंदौर में भूजल का स्तर क्रिटिकल स्थिति में पहुंच गया है। इसी तरह लगातार भूजल दोहन के कारण भविष्य में सूखे का खतरा बढ़ सकता है। हाल ही में नीति आयोग ने अनुमान लगाया है कि अगले एक दशक में देशभर के करीब 30 शहरों में जल संकट उत्पन्न हो सकता है। इंदौर इस सूची में शामिल है। यह शहर अतिदोहित श्रेणी में आता है। भूजल स्तर पिछले 10 वर्षों में 10 मीटर से अधिक गिर गया है। यह गिरावट बढ़ती आबादी, अनियंत्रित भूजल दोहन, अनियंत्रित शहर विस्तार और जल संचय की कमी के कारण हुई है। जानकारी के मुताबिक, इंदौर में भूजल का स्तर 2012 में 150 मीटर था, जो 2023 में 160 मीटर से अधिक हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भूजल दोहन इसी गति से जारी रहा, तो 2030 तक भूजल स्तर 200 मीटर से अधिक गहरा हो सकता है। भूजल स्तर में गिरावट के कई गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इंदौर शहर में पानी की आपूर्ति का मुख्य स्रोत नर्मदा नदी है। नर्मदा नदी का पानी शहर में पाइपलाइन के माध्यम से पहुंचाया जाता है। हालांकि, बढ़ती आबादी और अनियंत्रित भूजल दोहन के कारण नर्मदा नदी पर भी दबाव बढ़ रहा है। अभी नर्मदा का पानी भी आधी सप्लाई के साथ पहुंचाया जा रहा है।

## इंदौर से दिल्ली जाने वाली उड़ान फिर निरस्त

### इस बार दूसरी बार यात्री उड़ान निरस्त होने के कारण परेशान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंडिगो एयरलाइंस ने इस माह दूसरी बार दिल्ली जाने वाली उड़ान अचानक निरस्त कर दी। इससे यात्री परेशान हो गए और उन्हें दिल्ली जाने के लिए दूसरे विकल्पों को चुनना पड़ा। उड़ान के निरस्त होने के बाद दिल्ली जाने के लिए आए यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। कंपनी ने उड़ान निरस्त करने के तकनीकी कारण बताया है। इंडिगो की फ्लाइट दिल्ली से रात को टेकआफ करती है और दस बजे इंदौर आती है और फिर सुबह उड़ान भरती है, लेकिन कंपनी ने इस उड़ान को निरस्त कर दिया। कंपनी के अफसरों का कहना है कि उड़ान निरस्त करने की जानकारी यात्रियों को दे दी गई थी। उन्हें टिकट का पैसा भी लौटा दिया। इस कारण यात्रियों को ज्यादा परेशान नहीं होना पड़ा।

### हज पर नहीं जा पाए थे यात्री

कुछ दिनों पहले भी इंडिगो ने दिल्ली जाने वाली उड़ान निरस्त कर दी। उस विमान से 14 यात्रियों को दिल्ली से हज के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट लेना थी,लेकिन वे उड़ान निरस्त होने के कारण जा नहीं पाए। उन्होंने काफी देर तक एयरपोर्ट पर हंगामा किया था। मौसम के चलते इस माह दिल्ली और मुंबई की कुछ उड़ानें देरी से रवाना हुई थी।

## युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने मंत्री समर्थक पर हमला कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में गाड़ी टकराने की बात को लेकर बुधवार रात विवाद हो गया। युवा मोर्चा के पदाधिकारी ने मंत्री समर्थक पर हमला कर दिया। इस मामले में देर रात एरोड्रम पुलिस ने मंत्री समर्थक की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऋषभ पानेरी की शिकायत पर पुलिस ने रजत यादव ओर विनय ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है। ऋषभ ने बताया कि वह गांधी नगर स्थित सरकारी स्कूल में कम्प्यूटर सिखाता है। वह अपनी बाइक से जा रहा था तभी वह श्रीराम वाटिका के यहां पहुंचा। यहां आरोपी ने बिना इंडिकेटर के गाड़ी पलटा दी। ऋषभ ने कहा गाड़ी देखकर चलाओ। तभी पीछे से बाइक से दो युवक रजत यादव और विनय ठाकुर आए और गाड़ी चालक को अपना भाई बताते हुए विवाद किया।दोनों ऋषभ को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घर पहुंचकर ऋषभ ने अपने भाई लक्ष्मीनारायण को जानकारी दी और उनके साथ थाने आकर केस दर्ज कराया। बुधवार रात में थाने में एफआईआर को लेकर काफी विवाद हुए। बाद में पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज किया है। ऋषभ के भाई लक्ष्मीनारायण पानेरी भाजपा नेता और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समर्थक हैं। विनय ठाकुर युवा मोर्चा का पदाधिकारी है।

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की जिलेवार समीक्षा की

### जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर यह सुनिश्चित कराया जाए कि पेंशनधारी की असामयिक मृत्यु होने पर तत्काल मृत्यु रिपोर्ट के आधार पर पेंशन बंद की जाए। उन्होंने समस्त जिलों में विभिन्न पेंशन योजनाओं के पात्र धारियों को शत प्रतिशत योजनाओं से जोडने का कार्य विशेष कैम्प के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मंदबुद्धि मानसिक बहुविकलांग आर्थिक सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, निराश्रित जरूरतमंदों हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संभाग के समस्त जिलों में वृद्धावस्था आश्रम का संचालन बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जाए। बड़वानी एवं झाबुआ में वृद्धा आश्रम का संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलों में निशक्त कल्याण हेतु कार्य करने वाली संस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही यहां रहने वाले बच्चों की भी जानकारी प्रस्तुत करें। संभाग के जिस भी जिले में जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र की स्थापना नहीं हुई है वहां उक्त केन्द्र की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाई सुनिश्चित करते हुए पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।



संभागायुक्त श्री सिंह ने भिक्षुक मुक्त इंदौर अभियान की जानकारी लेते हुए लांग स्टे होम इंदौर में स्थापित करने के निर्देश दिए। समस्त जिलों में राष्ट्रीय न्यास अंतर्गत जिला स्तरीय समिति का गठन करते हुए बैठक आयोजित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लीगल गार्जियनशिप के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजनों को बाधा रहित वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही संबंधित दिशा निर्देश दिए। उक्त कार्य हेतु समस्त जिलों में विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलेवार दिव्यांगजनों हेतु आयोजित रोजगार मेले के आयोजन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की। बैठक में श्री सिंह ने संभाग के जिलों में स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन एवं उक्त कैम्प में सामाजिक विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों हेतु प्रारंभिक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संभागीय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय श्रीमती सुचिता बेक तिर्की एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर बच्चों को पढ़ाया

## बोले- क्या करना है, यह पहले से दिमाग में होना चाहिए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्कूल चले अभियान के तहत आज व्यापक उत्साह देखा गया। कलेक्टर आशीष सिंह, निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ाया। खास बात यह कि कलेक्टर ने नवीन मालव कन्या विद्यालय में क्लास में नीचे बैठकर पढाया और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और मेहनत के साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने छात्रों के बीच अपने आईएस बनने का सफर को बताया।

कलेक्टर कहा कि मेरे पिताजी का शुरू से सपना था कि मैं यूपीएससी फेस करूं। आपको किताबें, अखबार पढ़ना चाहिए। जब मैं गांव में रहता था तो उस समय लाइट नहीं रहती थी। जब मैं 12वीं में गया तो तब हमारे गांव में लाइट आई थी। तब रेडियो और बीबीसी हिन्दी चैनल का दौर था। उसमें एक कार्यक्रम आता था। जब आप यूपीएससी करते हो तो जनरल नॉलेज बहुत महत्वपूर्ण होता है। मैं इसके लिए दिल्ली गया, कोचिंग की और मेरा सिलेक्शन हुआ। आप लोगों को क्या बनना चाहिए यह अभी से दिमाग में होना चाहिए। खास तौर पर जब आप 11वीं, 12वीं में हो तो अपना लक्ष्य तय करो। लक्ष्य के हिसाब से मेहनत करो। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने लाल बाग के पीछे छह बंगले के सामने स्थित मिडिल सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाया।

# पल्स पोलियो महाअभियान 23 को

## दस्तक अभियान 25 जून से होगा प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में आगामी 23 जून रविवार को पल्स पोलियो का महाअभियान आयोजित किया जायेगा। इस अभियान के तहत जिले के 5 वर्ष आयु तक के लगभग 5 लाख बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई जायेगी। इसी तरह 25 जून से दस्तक अभियान भी प्रारंभ किया जाएगा। दस्तक अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। इन अभियानों की व्यापक तैयारियां जारी है। इन्हीं तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में बताया गया कि भारत में 2011 के बाद एक भी केस पोलियो का नहीं मिला और 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया है, लेकिन भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में अभी पोलियो के नए केस पाए जा रहे हैं। इसलिए भारत में सुरक्षात्मक कदम के तौर पर पल्स पोलियो अभियान अभी भी निरंतर चलाया जा रहा है। मोजाम्बिक एवं मलावी में भी पोलियो के केस पाए गये है, यह अफ्रिकन देश है।

बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। अभियान की लगातार बेहतर ढंग से मॉनिटरिंग हो। जितनी अच्छी मॉनिटरिंग होगी उतने ही अच्छे और प्रभावी परिणाम मिलेंगे। कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहे। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करें।

जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार 23 जून को 0-5 वर्ष तक के लगभग पाँच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसमें मुख्यतः प्रथम दिन बूथ पर दवाई पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। छूटे हुए बच्चों को अगले दो दिनों में घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस हेतु 3600 से अधिक बूथ रहेंगे। मोबाईल टीम भी रहेगी। अभियान में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारी अपनी सेवाएँ देंगे। मुख्यतः ध्यान माईग्रेट्री जनसंख्या, मलिन बस्ती, निर्माण क्षेत्रों, घुमंतु जनसंख्या पर रहेगा। इसके साथ-साथ ही ट्रांजेक्ट स्थानों रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टेण्ड पर बूथ लगाए जाएंगे। इस बैठक में जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय, रोटरी, लायन,आईएमए, आईएपी, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, नेहरु युवा केन्द्र के साथ-साथ सामाजिक संगठन एवं एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दस्तक अभियान

बैठक में बताया गया कि आगामी 25 जून से दस्तक अभियान भी प्रारंभ किया जायेगा। यह अभियान आगामी 27 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। वे टीकाकरण की जानकारी भी लेंगी। इसके लिए माइक्रो प्लान तैयार किया गया है।

# इंदौर में ऑफ सीजन में फूल महंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इस समय फूलों की कीमत में जबरदस्त उछाल है। पिछले 1 महीने में अलग-अलग किस्म के फूलों की कीमतें दो से तीन गुना तक बढ़ी हैं। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट पूरी तरह से साइलेंट है। कोई विशेष पर्व भी नहीं आ रहा है। कोई डिमांड भी नहीं है लेकिन उसके बाद भी फूल की कीमतों में लगातार तेजी आ रही है। जो की आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। शहर में 300 से ज्यादा फ्लावर की छोटी बड़ी दुकानें हैं। 10-15 शोरूम हैं। मंडी में थोक की 80 फ्लावर दुकानें हैं। 20 से 25 दुकानें सिर्फ कट पीस वाले गुलाब बेचती हैं। टॉवर चौराहे पर फ्लावर की सबसे ज्यादा दुकानें है। जहां पर हर वैराइटी के फूल आसानी से मिल जाते हैं। इंदौर में फूल महंगे होने के पीछे व्यापारी दो कारण बता रहे हैं।

# सांसद शंकर लालवानी ने पीडब्ल्यूडी मंत्री से भेंट की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह से वल्लभ भवन, भोपाल में इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने आत्मीय भेंट की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्रों में लंबित कामों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था।



**बैठक के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई-** इंदौर-देपालपुर फोरलेनः इस महत्वपूर्ण परियोजना के जल्द से जल्द पूरा होने की संभावनाओं पर विचार किया गया और इसे प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।

इंदौर-खुड़ैल फोरलेनः इस परियोजना के महत्व को समझते हुए, इसके शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा हुई।

सांवेर, देपालपुर और राऊ से संबंधित प्रस्तावः इन क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और इन परियोजनाओं के लिए बजट में प्रावधान करने के निर्देश दिए गए।

मंत्री राकेश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी परियोजनाओं के लिए आवश्यक बजट का प्रावधान सुनिश्चित करें और उनके निष्पादन में कोई विलंब न हो। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इंदौर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। शंकर लालवानी ने मंत्री जी का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्रों में यातायात की सुविधा और विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस बैठक से यह स्पष्ट हुआ कि प्रदेश सरकार इंदौर के विकास को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठा रही है और क्षेत्र की जनता को शीघ्र ही इन परियोजनाओं का लाभ मिलेगा।



# आबकारी विभाग द्वारा 4.35 लाख रूपये कीमत की अवैध मदिरा और वाहन जप्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश पर अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर श्री मनीष खरे के निर्देशन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री आर.एच. पचौरी तथा श्री गोपाल यादव के मार्गदर्शन में गत बुधवार को गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर आबकारी वृत्त देपालपुर प्रभारी मनीष राठौर ने कलारिया धन्नड मार्ग पर नाकाबंदी कर मारुति ईको वाहन को रुकवाया। वाहन की तलाशी में 10 पेटी अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 90 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत 35 हजार रुपए है। इसके साथ तस्करी में प्रयोग किया जा रहा लगभग 4 लाख रूपये कीमत का वाहन भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान वाहन से मौके से फरार आरोपी राहुल चौधरी के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। एक अन्य कार्रवाई में वृत भोईमोहल्ला की उपनिरीक्षक शालिनी सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए वाल्मिकी नगर से विशाल नगेले पिता दिनेश के आधिपत्य के वाहन एक्टिवा से कुल 200 पाव देशी मदिरा के जप्त कर आबकरी अधिनियम की धारा 34(1)क का प्रकरण दर्ज किया गया।

# प्रवेशोत्सव के तहत शासकीय स्कूलों में आयोजित हुए भविष्य से भेंट कार्यक्रम

## कलेक्टर आशीष सिंह सहित जिले के सभी अधिकारी पहुंचे शासकीय स्कूलों में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले में भी स्कूल चले हम अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन आज सभी शासकीय स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और अन्य अधिकारी शासकीय स्कूलों में पहुंचे। कलेक्टर आशीष सिंह आज इस कार्यक्रम के तहत महू नाका स्थित सीएम राईज स्कूल न्यू मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से रूबरू चर्चा कर उन्हें उज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इसके लिए गुर भी बताए। उन्होंने विद्यार्थियों की केरियर काउंसलिंग भी की। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। श्री सिंह ने बच्चों को पढ़ाया भी। श्री आशीष सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि वे खुब मन लगाकर पढ़ाई करें। नई-नई जानकारिया हासिल करे। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने आईएएस, इंजिनियर, डॉक्टर आदि बनने की समझाइश दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पर्यटन, ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के स्थानों का भ्रमण भी करें।

## मां ने डांटा तो 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में 9वीं की छात्रा ने घर में ही फांसी लगा ली। 14 साल की आरुषि सिंह गढ़ा इलाके के गुप्ता नगर में रहती थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्रा मोबाइल पर गेम खेल रही थी। मां ने उसे इसी बात पर डांट दिया था। पुलिस के मुताबिक, आरुषि की मां सुनंदा सिंह जबलपुर मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स हैं। वे बुधवार रात 9 बजे नाइट ड्यूटी पर जा रही थीं। उन्होंने देखा कि आरुषि मोबाइल पर गेम खेल रही है। उन्होंने नाराजगी जताई और मोबाइल छीनते हुए पढ़ाई के लिए कहा। इसके बाद वे घर लॉक कर ड्यूटी पर चली गईं। गुरुवार सुबह 10 बजे जब वे घर पहुंचीं और ताला खोला तो अंदर अपने रूम में आरुषि पंखे से फांसी के फंदे पर लटकी थी। उनका शोर सुनकर आसपास के लोग भी आ गए। बच्ची को फंदे से उतारा। पुलिस को सूचना दी। आरुषि अपनी मां की इकलौती बेटी थी। कोरोना काल में पिता का निधन हो गया था। इसके बाद से मां-बेटी ही घर पर रहती थीं। बेटी के इस कदम से मां सदमे में आ गई हैं।

## नदी में मिले 19 मवेशियों के शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी।** सिवनी जिले के पिंडरई गांव के पास वैनगंगा नदी में बुधवार शाम 19 मवेशियों के शव मिले हैं। सूचना मिलते ही धनौरा, सुनवारा और पलारी चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से मवेशियों के शवों को बाहर निकाला। पशु चिकित्सक ने मौके पर ही पोस्टमॉर्टम किया। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने कहा, 'आशंका है कि तस्करों ने पकड़े जाने के डर से मवेशियों को नदी में बहाया हो। हम मामले में हर पहलू पर नजर रखकर जांच कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।'

## सांसद बोले- लेट होने पर सजा दोगे, तो चलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया, इंदिरा नगर के नूतन स्कूल में तय समय से करीब 45 मिनट देरी से पहुंचे। उन्होंने टीचर और छात्राओं से माफी मांगी। बोले- 'मुझे कान पकड़कर हाथ खड़े रखने की सजा दोगे तो भी चलेगा।' सांसद की इस बात पर बच्चों ने ताली बजाई। सांसद ने देरी से पहुंचने पर उनका स्वागत-सम्मान कार्यक्रम नहीं होने दिया। जाते ही माइक हाथ में थामकर क्लास लेना शुरू कर दी। उन्होंने बच्चों से कहा, 'आपका ध्यान पढ़ाई पर होना चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे अर्जुन को मछली की आंख दिखाई दे रही थी।' सांसद ने कहा, 'बड़ा बनाना है, तो विनम्र रहना सीखो। गुरु को सम्मान दो। गुस्से पर काबू रखो। पलटकर जवाब नहीं देना चाहिए। धोनी, सचिन, अमिताभ बच्चन से मैंने भी बहुत सीखा है।'

## मप्र में 125 से घटकर 75 रह गए नक्सली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नक्सलियों की संख्या पिछले पांच वर्ष में 125 से घटकर लगभग 75 रह गई है। इनमें लगभग 20 महिलाएं हैं। नक्सलियों की विस्तार नीति रोकने के लिए बनाई गई पुलिस की रणनीति सफल रही है। विस्तार की जगह अब उनका दायरा सिमट रहा है। ऐसे में उनके विरुद्ध अभियान चलाना आसान हो गया है। यही वजह है कि पिछले पांच वर्ष में 19 नक्सली मारे गए हैं, जबकि पांच पकड़ लिए गए।उनके क्षेत्र में पुलिस कैंप बढ़ाए जा रहे हैं। नए नक्सली उतने नहीं आ रहे हैं, जिससे संख्या घट रही है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि अब उनकी संख्या 75 के आसपास है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से जुड़ा होने के कारण बालाघाट प्रदेश का सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जिला है।

# पुरानी रंजिश में परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

## महिलाओं से भी की मारपीट, एक की मौत, कई घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के पिपलोद थाना अंतर्गत ग्रामीण अंचल लालमाटी में एक परिवार पर कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से हमला कर दिया। जिसमें परिवार के चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए खंडवा के जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा था। वहीं, एक घायल युवक की हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे इंदौर के लिए रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते यह झगड़ा हुआ था, जिसमें दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर जमकर लाठी-डंडे बरसाए। पुलिस ने मामले में छह लोगो को गिरफ्तार किया है। पीपलोद थाना पुलिस



मामले की जांच कर रही है।

खंडवा जिले के पीपलोद थाना क्षेत्र के लालमाटी गांव में 18 जून को 6 से ज्यादा लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवक की इलाज के लिए इंदौर जाते समय मौत हो गई। वहीं, तीन घायलों का खंडवा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुरानी रंजिश को लेकर हुए इस विवाद में पिपलोद थाना पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने बताया की 18 जून को पिपलोद थाना क्षेत्र के लालमाटी गांव में मारपीट की घटना हुई थी। मारपीट में अंतू नाम के युवक के सिर और हाथ में चोट आई थी। जिसे इंदौर रेफर किया गया था, जिसकी कल देर शाम मौत हो गई है।

एसपी राय ने बताया कि इस मामले में थाना पीपलोद में 302 का अपराध दर्ज किया गया है। मारपीट करने वाले जिन 6 लोगों के नाम आए थे, उनको गिरफ्तार किया गया है। मृतक युवक के परिजन भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। शुरुआती जांच में सामने आया कि मृतक के पिता प्रकाश परिवार के एक सदस्य कैलाश के साथ डेढ़ साल पहले शराब पीकर बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान हादसे में कैलाश की मौत हो गई थी। कैलाश के परिवार वाले उस घटना का जिम्मेदार प्रकाश को मान रहे हैं। इसलिए, इन्होंने प्रकाश के परिवार पर हमला किया था।

## एक घर में भीषण आग, तीन की मौत, ड्रायफ्रूट व्यापारी और दो बेटियां जिंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में देर रात एक घर मे लगी भीषण आग में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक व्यापारी और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। आग लगने की घटना देर रात लगभग दो बजे के आसपास की है। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। वहीं मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



बताया गया कि बहोड़ापुर इलाके में संत कृपाल सिंह के आश्रम के सामने वाली गली में रहने वाले विजय गुप्ता के परिवार का ड्रायफ्रूट का कारोबार है। उनके घर मे नीचे मेवे का गोदाम है, जबकि उसी की ऊपरी मंजिल पर वे सपरिवार निवास करते थे। बुधवार रात डेढ़ से दो बजे के बीच उनके घर में अचानक भीषण आग भड़की। देर रात का समय होने के कारण सब सोए हुए थे और चारों तरफ सन्नाटा था। खुद गुप्ता परिवार भी गहरी नींद में था। जब तक लोगो की नींद टूटी तब तक आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन ड्रायफ्रूट ज्वलनशील होने से आग बहुत तेजी से फैलती गई। सूचना मिलने पर फायरब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर मे मौजूद विजय गुप्ता (42), उनकी बेटियां अंशिका (15) और याशिका (16) की घर में ही जल जाने से दर्दनाक मौत हो गई।

## सोम डिस्टलरी को स्पॉन्सर बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चल रहे प्रीमियर लीग में सियासत शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अब्बास हफीज ने मप्र लीग में सोम डिस्टलरी को स्पॉन्सर बनाने पर सरकार को घेरा है। उन्होंने बाल श्रम के मामले में गंभीर आरोपों से घिरी शराब कंपनी सोम डिस्टलरी को एमपी प्रीमियर लीग में स्पॉन्सर बनाने पर ज्योतिरादित्य सिंधिया, खेल मंत्रालय और प्रदेश के मुख्यमंत्री से जवाब मांगा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन की लॉन्चिंग के लिए एमपी प्रीमियर लीग को एक लॉन्च पैड की तरह तैयार किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज ने कहा कि एमपी लीग के नाम से कराई जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता सिंधिया जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। लेकिन, दुखद बात यह है कि प्रदेश में जिस कंपनी के ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं उसे इसका मुख्य स्पॉन्सर बनाया गया है। क्या इसी वजह से कार्रवाई नहीं हो रही है?

## सिम्को कंपनी के मैनेजर को जलते भट्टे में जिंदा फेंका

### पुलिस ने निकाले अवशेष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी। प्रदेश के कटनी जिले से एक जिंदा शख्स को जलते चूना भट्टे में मारपीट कर फेंक देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आग बुझाकर अधजला शव बरामद किया है। जांच की जा रही है।**

जानकारी के मुताबिक घटना कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम कछगवां स्थित सिम्को कंपनी का बताई गई। इसकी सूचना लगते फॉरेंसिक टीम के साथ तीन थानों की पुलिस, एएसपी और विजयराघवगढ़ एसडीओपी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इन दौरान पुलिस ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को घटनास्थल पर बुलवाते हुए जलते भट्टे की आग को शांत करवाया और अंदर से अधजली लाश को बाहर निकाला है। कुठला टीआई अभिषेक चौबे ने बताया कि मृतक की शिनाख्त मुडेहरा ग्राम निवासी सम्मू पिता सुंदरलाल विश्वकर्मा (55) के नाम से हुई है। मृतक सिम्को कंपनी में मैनेजर के पद में कार्यरत था। बुधवार शाम करीब 5 बजे मजदूरों की पेमेंट करने कंपनी के भट्टे के लिए निकला था। लेकिन उसका अधजला शव चूना भट्टे पर मिला। मृतक की हत्या किसने, कैसे और क्यों की है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

मृतक के भाई ने बताया कि सिम्को कंपनी के कार्यालय के पास कुछ पैसे तो चूना भट्टे के पास खून के छीटे दिखाई पड़े हैं। भट्टे के पास खून से सनी लाठी मिली है। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोगों ने उनके साथ बीती रात बेरहमी से मारपीट की, फिर बेहोशी की हालत में जलते चूना के भट्टे में फेंक दिया। इसमें जलकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल कटनी पुलिस सभी तथ्यों पर जांच में जुटी हुई है।

## संपादकीय

### लौटते ही रुख बदल गया


यह समझना मुश्किल है कि कनाडा आखिर भारत के साथ कैसे रिश्ते रखना चाहता है। इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारतीय प्रधानमंत्री से मिले तो कहा कि भारत के साथ कनाडा का कई मामलों में बेहतर तालमेल है और नई सरकार के साथ बातचीत आगे बढ़ाने का अवसर दिखाई दे रहा है। मगर वहां से लौटते ही उनका रुख बदल गया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की बरसी पर वहां की संसद में एक मिनट का मौन रखा गया। पिछले वर्ष कनाडा में निज्जर की हत्या कर दी गई थी। तब कनाडा सरकार ने आरोप लगाया था कि उसकी हत्या में भारतीय अधिकारी शामिल थे। हालांकि वह अभी तक इसका कोई सबूत नहीं पेश कर सका है। उसके बाद से कई जगहों पर खालिस्तानी अलगाववादियों ने भारत के खिलाफ उकसाने वाली गतिविधियां चला गईं, भारत की तरफ से उन पर सख्त कदम उठाने की अपील की गई, मगर कनाडा सरकार उन पर चुप्पी साधे रही। अब निज्जर की बरसी पर संसद में मौन रखने का प्रकरण एक तरह से भारत को उकसाने का नया प्रयास है। यह हैरानी की बात है कि निज्जर आखिर कनाडा सरकार को इतना प्रिय क्यों हो गया। आमतौर पर किसी देश की संसद में राष्ट्र के किसी सम्मानित व्यक्ति, किसी हादसे, जनसंहार या युद्ध में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि निज्जर की गतिविधियों को लेकर कनाडा सरकार अनजान हो। भारत ने उसे आतंकवादियों की सूची में डाल रखा था। आतंकवाद के खिलाफ भारत की कटिबद्धता भी कनाडा से छिपी नहीं है। फिर भी कनाडा सरकार निज्जर की हत्या को इतना तूल दे रही है, तो इससे यही जाहिर होता है कि न तो वह आतंकवाद पर अंकुश लगाने को लेकर गंभीर है और न भारत के साथ अपने रिश्ते बेहतर बनाने को लेकर। अगर ट्रूडो सरकार भारत के साथ बातचीत आगे बढ़ाने की इच्छुक होती, तो निज्जर को इतना महत्त्व न देती कि संसद में उसे श्रद्धांजलि दी जाती। यह तो स्पष्ट है कि इस तरह निज्जर को महत्त्व देकर ट्रूडो वहां रह रहे सिख समुदाय का जनाधार अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं, इसका कुछ लाभ शायद इस चुनाव में उनकी पार्टी को मिल भी जाए, मगर इससे भारत के साथ जो रिश्ते खराब हो रहे हैं, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। अलग खालिस्तान की मांग को लेकर चलाई जा रही हिंसक मुहिम से कनाडा सरकार अनजान नहीं है और न वह इस बात से बेखबर है कि किसी भी देश में चलाई जाने वाली कोई भी अलगाववादी गतिविधि दहशतगर्दी के दायरे में आती है। पंजाब के लोग खुद अलग राज्य का मुद्दा नहीं उठाते, मगर कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में जाकर बस गए और वहां की नागरिकता ले चुके कुछ लोग इसे लेकर उपद्रव करते देखे जाते हैं, तो उन पर अंकुश लगाने में मदद करने के बजाय अगर वहां की सरकारें उन्हें प्रश्रय देती हैं, तो इसे किसी भी रूप में स्वस्थ कूटनीति नहीं कहा जा सकता। इससे आतंकवादियों का मनोबल बढ़ता है और आखिरकार इसका खमियाजा किसी एक देश को नहीं, सारी दुनिया को भुगतना पड़ता है।

### वेद वचन

**स्वैः ष एवै रिरिषीष्ट युर्जनः**

**अर्थात दुर्जन अपने ही कर्मों और आचरणों से मारा जाता है।**

(ऋग्वेद.८.१८.१३.)



**अविश्वसनी चीजें आसानी से की जा सकती हैं, यदि हम उन्हें करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

– जग्गी वासुदेव

## महिला जगत

# ज्योति याराजी के संघर्षों की कहानी

## जानिए कैसे बनी देश की सबसे तेज महिला हर्डलर

भारत की सबसे तेज महिला हर्डलर का खिताब ज्योति याराजी के नाम है। ज्योति याराजी भारतीय स्प्रिंटर हैं, जिन्होंने महिलाओं की 100 मीटर हर्डल रेस में इतिहास रचा है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिष्ठर्दा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत कर अपने नाम एक बड़ी सफलता हासिल की है। हालांकि ज्योति याराजी की उपलब्धियों और सफलता के पीछे कठिन दौर और कड़ा परिश्रम भी है। राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़कर देश का मान बढ़ाने वाली ज्योति याराजी का बचपन अभावों में गुजरा। आर्थिक तंगी भी उनके बुलंद हौंसलों को कमजोर नहीं कर पाई। आइए जानते हैं ज्योति याराजी के जीवन संघर्षों के बारे में, जिसे पार कर उन्होंने ऊंची उड़ान भरी और देश की सबसे तेज महिला हर्डलर बन गईं।




### ❐ ज्योति याराजी का जीवन परिचय

ज्योति याराजी का जन्म आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में 28 अगस्त 1999 को हुआ था। उनके पिता का नाम सूर्यनारायण है जो कि एक प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करते हैं। वहीं ज्योति की मां कुमारी अस्पताल में क्लीनर के रूप में काम करती हैं, साथ ही घरेलू सहायिका का काम भी करती हैं।

### ❐ ज्योति याराजी की शिक्षा और ट्रेनिंग

परिवार की आय लगभग 18 हजार रुपये से कम हुआ करती थी। इन पैसों से घर की जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई होनी थी। लेकिन ज्योति ने बचपन से ही अपनी मंजिल तलाश करनी शुरू कर दी थी।

वह विराज के पोर्ट हाई स्कूल कृष्णा में पढ़ती थीं, जब उनके फिजिकल एजुकेशन टीचर ने ज्योति के टैलेंट को पहचाना और महसूस किया कि वह एक हर्डलर बन सकती हैं। उनकी ट्रेनिंग शुरू हो गई, माता पिता ने भी ज्योति का साथ दिया। हालांकि ज्योति ने पढ़ाई भी जारी रखी और आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय से बीए इतिहास की पढ़ाई की।

### ❐ ज्योति याराजी का करियर

ज्योति याराजी ने वर्ष 2015 में आंध्र प्रदेश इंटर डिस्ट्रिक्ट मीट में स्वर्ण पदक जीता, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं। ज्योति ने हैदराबाद में रहकर ओलंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच एन रमेश और भुवनेश्वर में ब्रिटिश कोच जेम्स हिलियर से ट्रेनिंग ली।

### ❐ ज्योति की उपलब्धि

2020 में ज्योति याराजी ने कर्नाटक के मूडबिद्री में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एक और स्वर्ण हासिल किया।

पहले कोविड 19 महामारी और फिर पीठ की चोट के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। बाद में 2022 में उन्होंने भुवनेश्वर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी मीट में 13.7 सेकेंड समय में रेस को पूरा किया। मई में ज्योति ने लिमासोल में साइप्रस इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की और महिलाओं की 100 मीटर हर्डल रेस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

Jammu & Kashmir

# मुठभेड़ : लश्कर से जुड़े थे मारे गए दोनों पाकिस्तानी आतंकी, सामने आई सीमा पर की नापाक साजिश?

जम्मू। वर्ष 2024 में अब तक के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण कश्मीर समेत उत्तरी कश्मीर में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ नौ मुठभेड़ हुई हैं। बुधवार को उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के राफियाबाद (सोपोर) में मारे गए दोनों पाकिस्तानी आतंकी लश्कर-ए ताइबा से जुड़े थे। बुधवार को इस क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के साथ कुल दो बड़ी मुठभेड़ में चार पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया है। जबकि एक दहशतगर्द घुसपैठ के दौरान उड़ी सेक्टर में मारा गया था। वहीं सामने आया है कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है।

राफियाबाद में बृहस्पतिवार को प्रेसवार्ता में सेक्टर-7 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कमांडर ब्रिगेडियर दीपक मोहन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राफियाबाद में आतंकवादियों की मौजूदगी के इनपुट मिल रहे थे। 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद में एक घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान शुरू किया। मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया।



मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर के थे। इनकी शिनाख्त उस्मान और उमर के रूप में की गई है। उस्मान 2020 से कश्मीर घाटी में सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। ब्रिगेडियर ने कहा, दोनों आतंकवादियों का मारा जाना सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी सफलता है। सैन्य

Maharashtra

## मुकेश अंबानी का फेक वीडियो देख शेयर में लगा दिया पैसा, ठगी गई महिला डॉक्टर

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी में महिला आयुर्वेद डॉक्टर से 7 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए डीपफेक वीडियो का सहारा लिया गया। 54 साल की डॉक्टर इंस्टाग्राम रील के जरिए शेयर ट्रेडिंग स्कैम का शिकार हुईं। इसमें बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के डीपफेक वीडियो का इस्तेमाल किया गया जिसमें वो 'राजीव शर्मा ट्रेड ग्रुप' के बारे में बात करने नजर आ रहे हैं। फर्जी वीडियो में अंबानी लोगों से हाई रिटर्न के लिए इस कंपनी का बीसीएफ इंवेस्टमेंट एकेडमी ज्वॉइन करने के लिए कहते हैं।

मुकेश अंबानी का यह इस तरह का दूसरा डीपफेक वीडियो है। इससे पहले मार्च में एक ऐसा ही वीडियो सामने आया था जिसमें वो स्टॉक ट्रेडिंग मेंटरशिप प्रोग्राम के बारे में बात करते नजर आ रहे थे। इसमें अंबानी को AI के जरिए यह बोलते हुए दिखाया गया कि लोगों को 'स्टूडेंट वीनिट' पेज को फॉलो करना चाहिए। यहां पर इंटरनेट यूजर्स को फ्री में इंवेस्टमेंट एडवाइस मिल सकती है। मुंबई के डॉक्टर केके एच पाटिल के साथ यह फ्रॉड 28 से 10 जून के बीच हुआ। इस दौरान उन्होंने 16 अलग-अलग बैंक खातों में कुल मिलाकर 7 लाख रुपये भेजे। इसके बदले उनसे हाई रिटर्न और अंबानी से प्रमोशन का वादा किया गया था।

महिला डॉक्टर को कैसे हुआ ठगी का संदेह

रिपोर्ट के मुताबिक, 7 लाख रुपये गंवा देने के बाद महिला डॉक्टर को अपने साथ धोखाधड़ी के बारे में जानकारी मिली। ट्रेडिंग वेबसाइट पर उसे 30 लाख रुपये का प्रॉफिट दिखा रहा था मगर वह उसे निकाल नहीं पाई। ऐसी स्थिति में संदेह पैदा हुआ। महिला ने इसे लेकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाने में FIR दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ठगों ने इस मामले में डीपफेक टेक्नोलॉजी का सहारा लिया।

Uttarpradesh

## देवरिया : यूपी रोडवेज की बस को ट्रक ने सामने से मारी टक्कर, दो यात्रियों की मौत, 14 घायल

**देवरिया.** देवरिया में यूपी रोडवेज की सरकारी बस और ट्रक की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई. जिसमें एक महिला व 12 साल का लड़का शामिल है. वहीं, इस हादसे में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए, इनमें कुछ गंभीर स्थिति में हैं. इन्हें मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है. हादसा इतना भीषण था कि बस के ड्राइवर साइड का पूरा हिस्सा डैमेज हो गया.

सूचना पर डीएम व एसपी इमरजेंसी पहुंचे व घायलों हाल जाना. अधिकारियों ने इनके समुचित इलाज के लिए अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया है. डीएम व एसपी सिटी मेडिकल कॉलेज में काफी देर तक डटे रहे और घायलों का एक्सरे करवाया.

घायल बस चालक सिराज अहमद ने बताया कि वह देवरिया के रुद्रपुर से आजमगढ़ सवारी लेकर जा रहा था. बराव चौराहे के आगे बहसुआ गांव के पास सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने बस को टक्कर मार दी. मौके पर चीख-पुकार मच गई थी.

Rajasthan

## राजस्थान में ट्रक और कार के बीच सीधी भिड़ंत, 4 लोगों की मौत, कई घायल

**किशनगढ़.** राजस्थान में एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि किशनगढ़-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को एक कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी वहीं तीन लोग बुरी तरह घायल हैं. न्यूज एजेंसी के मुताबिक कार में सवार लोग चित्तौड़गढ़ से जयपुर लौट रहे थे.

विजय नगर के थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि घटना में मरने वालों में सीकर निवासी दिनेश (35), उनकी पत्नी सोनू (32), उनका ढाई साल का बेटा भानु और संदीप का दोस्त प्रदीप (25) शामिल हैं. उन्होंने बताया कि शवों को शवगृह में रखा गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं एक दिन पहले कोटा में हाइवे पर बस का इंतजार कर रही दो महिलाओं को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया था जिससे उनकी मौत हो गई. इस घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि एनएच-27 पर सड़क किनारे रेलिंग पर बस का इंतजार कर रही दो महिलाएं की गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौत हो गई.

सिमलिया पुलिस थाने के प्रभारी दलपत सिंह ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे हुई जब राजमार्ग पर कोटा की ओर से तेज गति से आ रही एक कार ने महिलाओं को टक्कर मार दी जिसके बाद वो कुछ मीटर दूर जा गिरीं.

उन्होंने बताया कि मृतक महिलाओं की पहचान ज्योति प्रजापत (22) और वर्षा नागर (22) के रूप में हुई, जो कोटा जिले के सिमलिया कस्बे की रहने वाली थीं.

खेल

भारत ने लगाया जीत का 'चौका'

# अफगानिस्तान को हराकर सुपर आठ चरण का विजयी आगाज किया

बारबाडोस। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने टी20 विश्व कप में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया और सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में जीत दर्ज की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में बुमराह और अर्शदीप ने तीन-तीन विकेट झटके जिसके दम पर भारत ने 20 ओवर में अफगानिस्तान को 134 रनों पर ढेर कर दिया। अफगानिस्तान के लिए अजमातुल्लाह ओमरजई ने 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 26 रन बनाए।

भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में भी दमदार प्रदर्शन किया और



स्कोर का बचाव करने में सफलता हासिल की। भारत का सामना अब शनिवार को बांग्लादेश से होगा। भारत सुपर आठ चरण के ग्रुप एक में दो अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है। दूसरी ओर, लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। भारत दिसंबर 2023 से अब तक टी20 में लगातार आठ मुकाबले जीत चुका है। इससे पहले भारत ने जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 के बीच कुल नौ और नवंबर 2021 से फरवरी 2022 के बीच लगातार 12 मैच जीते थे।

सूर्यकुमार ने अफगानिस्तान के खिलाफ 28 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। सूर्यकुमार को उनकी इस पारी के दम पर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यह 15वीं बार है जब टी20 में सूर्यकुमार को इस पुरस्कार से नवाजा गया है। सूर्यकुमार ने इसके साथ ही टी20 में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के मामले में विराट कोहली की बराबरी कर ली है। कोहली ने भी अपने टी20 करियर में इतनी ही बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता है।

भारत को इस विश्व कप में अपनी ओपनिंग जोड़ी से अच्छे प्रदर्शन की आस है, लेकिन विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की जोड़ी अब तक टीम को मजबूत शुरुआत नहीं दिला पाई है। फजलहक फारूकी ने रोहित को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। रोहित 13 गेंद खेलकर आठ रन बनाकर आउट हुए। यह आठवां मौका है जब रोहित किसी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के खिलाफ टी20 क्रिकेट में इस साल आउट हुए हैं। रिकॉर्ड्स पर नजर डालें तो 19 पारियों में हिटमैन ने 98 गेंदों का सामना किया और 128 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 16 का रहा है।

सिनेमा

## श्रद्धा कपूर को दिल दे बैठा फैन, किया प्रपोज, एक्ट्रेस ने दिया जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म इंडस्ट्री का एक जानामाना नाम हैं। उन्होंने हाल ही में राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कंफर्म किया है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर बॉयफ्रेंड संग एक तस्वीर शेयर करके रिलेशनशिप में होने की बात मानी थी। बॉयफ्रेंड संग रिश्ता कंफर्म करने के बाद श्रद्धा कपूर के एक फैन ने उन्हें मजेदार ढंग से प्रपोज किया है। एक्ट्रेस ने भी अपने इस फैन को उन्हीं के अंदाज में जवाब भी दिया है।

श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की थीं। तस्वीर पोस्ट करने के साथ श्रद्धा कपूर ने कैप्शन में लिखा- किस किस को बारिश पसंद है। श्रद्धा की इन तस्वीरों पर उनके बहुत से फैंस ने कमेंट्स किए, लेकिन एक फैन के कमेंट ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

फैन ने कमेंट सेक्शन में श्रद्धा कपूर को मजेदार अंदाज में प्रपोज किया। फैन ने लिखा- "Jesus can turn water into wine. I want to turn you into mine!" श्रद्धा कपूर ने भी इस फैन को उनके ही अंदाज में रिप्लाई किया। श्रद्धा ने फैन को कमेंट में मेंशन करते हुए लिखा- for this line, you need to pay fine! श्रद्धा कपूर ने अपने और फैंस को भी रिप्लाई किया है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा- 'तुझे देखा तो ये जाना सनम।' इसपर श्रद्धा कपूर ने रिप्लाई किया- 'प्यार होता है दीवाना सनम।'

## Highlights

1. **Enemies of J&K will be taught a lesson: PM Modi on recent terror attacks**
2. **We support direct discussions between India & Pakistan: US**
3. **PM Modi performs yoga in Srinagar, says 'World is seeing a new Yoga economy'**
4. **Indian-origin boy, called 'world's youngest professor', graduates from US school at 12**
5. **4 killed, 3 injured as bus falls into gorge & overturns in Himachal**

# Why pulses and vegetables will continue to cost higher in India amid heatwave?

**NEW DEIHI, (Agency).** Food inflation in India has remained at around 8% year-on-year since November 2023. It is unlikely to ease any time soon despite early arrival of monsoon rains and forecasts of above-normal rainfall in the country. Owing to this, headline inflation is above the central bank's target of 4%.



What is driving food inflation higher?

Heatwave in India has significantly reduced the supplies of foods like pulses, vegetables, and cereals so much so that curbs on food exports and reducing tariffs on imports have had little effect. Even though vegetable supplies usually decrease during the summer months, this year's decline is much greater as temperatures in nearly half of the country are up 4-9 degrees Celsius above normal.

Will Monsoon help in reducing the prices?

Monsoon's initial momentum soon waned and has resulted in a 18% rainfall deficit so far this season. The weakened monsoon has also delayed the planting of summer-sown crops which can only take place at full pace with sufficient rainfall. Weather office has forecast above average rainfall for the rest of the monsoon season.

When will prices come down?

Vegetable prices may from August onwards if the monsoon revives and covers the entire country as per the usual schedule. However, prices of milk, cereals and pulses are unlikely to decrease due to tight supplies. Rice prices may increase as the government raised the minimum support price of paddy rice by 5.4%. Sugar prices are likely to remain high as next season's production is expected to fall.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals

# Zomato to not deliver your orders in plastic containers? Deepinder Goyal's reply

**NEW DEIHI, (Agency).** Celebrity nutritionist and integrative lifestyle expert Luke Coutinho expressed concerns with respect to the health risks associated with using plastic containers for packaging hot food. Calling out food delivery platforms Swiggy and Zomato, Luke Coutinho urged for a transition to biodegradable containers for food packaging as he stressed that plastic containers can pose significant health hazards.

He said, "Swiggy, Zomato, Restaurants, Please work with your



partners to ensure food deliveries happen in biodegradable non-plastic containers, many restaurants do this already, please make it uniform. Deliver food and health...hot food in plastic is making people sicker...You have the power to help make a change."

Talking about how high heat and flame and how it can destroy most ingredients, he said, "This heat starts to break down the plastic into dangerous BPA and other toxins that wreak havoc with the human body and hormones, fertility, estrogens, etc. We need to move to biodegradable, non-plastic ASAP for better health and a better earth."

# दूसरी मंजिल से गिरा 3 साल का मासूम, सिर में आई गंभीर चोट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाले 3 साल के एक बच्चे की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। पिता उपचार के लिए तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचे। यहां कुछ घंटे के उपचार के बाद उसने गुरुवार रात दम तोड़ दिया।**

आजाद नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बच्चे का नाम श्रवण पुत्र सुखराम विलवे निवासी मूसाखेड़ी है। वह गुरुवार शाम 6 बजे के लगभग दूसरी मंजिल से झांकने के दौरान गिर गया। पिता सुखराम ने बताया उनकी पत्नी अलका और 6 साल का बेटा कुणाल कमरे में थे। वह खेलते हुए बाहर बालकनी पर आया और नीचे झांकने लगा। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। सुखराम ने बताया कि नजदीक ही उनका मकान बन रहा है। इसके निर्माण के लिए वे कुछ दिन पहले ही घर के पास किराये से रहने आए थे। वहीं बेटा हादसे का शिकार हुआ है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## ग्रीन बेल्ट पर बने होस्टल के अवैध हिस्से तोड़े

**इंदौर**। नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह नगर निगम की टीम भोलाराम उस्ताद मार्ग, सर्वानंद नगर में एक बड़े होस्टल पर अवैध निर्माण हटाने के लिए पहुंची। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम घनश्याम धनगर की टीम भी मौके पर पहुंचे। यहां करीब 4 हजार वर्गफीट पर यह अवैध होस्टल बना है। इस होस्टल के अवैध निर्माण के हिस्से को तोडऩे की कार्रवाई की जा रही है।

## कई इलाके प्री-मानसून बारिश से तर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जून के तीसरे हफ्ते में भी अभी प्री मानसून की गतिविधियां बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों में दिन का तापमान 36 डिग्री पर स्थिर है जबकि रात के तापमान में 1 डिग्री का इजाफा हुआ है। शुक्रवार सुबह से ही बादल छाए रहे। सुबह 10.30 बजे कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश शुरू हो गई। दूसरी ओर प्रदेश में मानसून की एंट्री दो-तीन दिनों में संभावित है। बुधवार को दिन का तापमान 36.8 (+2) डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 24.2 (0) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। गुरुवार को दिन का तापमान 36.4 (+2) डिग्री सेल्सियस रहा। रात का तापमान 1 डिग्री बढक़र 25 (+1) डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इन दिनों अभी दिन और रात में गर्मी का असर जरूर है। शुक्रवार को तो सुबह से धूप नहीं है और मौसम ठण्डा बना हुआ है।

## विश्व संगीत दिवस सेलिब्रेशन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व संगीत दिवस सेलिब्रेशन की शुरुवात कृष्णपुरा छत्री पर हुई, गोवर्धन लिंबोदिया, प्रकाश खानविलकर ने दीप प्रज्वलन किया, पंडित सुनील मसूरकर के गायन में राग ललित की रचना जोगीया मोरे घर आए मध्य लय ताल में प्रस्तुत की इसी रचना में तराना भी गाया, उसके बाद भिन्न शडज राग में याद पिया की आए, मिश्र पहाड़ी राग में झूमझुम के सखियाएं गाए कजरिया, हरमोनियम पर विजय गावड़े ने तुम गगन के चंद्रमा धुन पेश की। हरमोनियम पर विजय गावड़े, तबले पर बालमुकुंद राव, सह गायिका शिल्पा मसूरकर ने तराने में जुगल बंदी की,कलाकारों का स्वागत चंदू राव शिंदे, अभिषेक गावड़े, राजू शर्मा ने किया।

# मेल कर एअरपोर्ट को उड़ाने से धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एअरपोर्ट को एक बार फिर से उड़ाने को लेकर धमकी मिली है। इस मामले में एअरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अफसर ने थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक एअरपोर्ट के मुख्य सुरक्षा अफसर करण पुत्र आलोक तिवारी ने एक आवेदन दिया था।

एअरपोर्ट की ओर से बताया गया कि एअरपोर्ट डायरेक्टर की मेल आईडी पर गुरुवार सुबह 10.26 मिनट पर क्वहरूक्च विषय पर मेल मेल मिला। जिसमें एअरपोर्ट पर बम प्लेस करने की धमकी दी गई। जिममें किसी संगठन का जिक्र नहीं किया गया। मामले में आवदेन आने के बाद केस दर्ज किया गया है।

### दो माह में तीन बार मिल चुकी है धमकियां

18 मई 2024-मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत देश के 50 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अज्ञात शख्स ने मंगलवार को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट अथॉरिटी को धमकी भरा ये ई-मेल भेजा। भोपाल एयरपोर्ट के डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

शिकायत के आधार पर ष्टढ्ढस्स्न ने एयरपोर्ट पर सर्चिंग की। वहां मौजूद लोगों की भी चेकिंग की गई। जांच के दौरान कोई सस्पेक्टेड चीज नहीं मिली। हालांकि, एयरपोर्ट पर बम थ्रेट असेस्टमेंट कमेटी ने मैनुअल चेकिंग बढ़ा दी है। टीआई सुनील मेहर के मुताबिक, एयरपोर्ट अथॉरिटी को अंग्रेजी में लिखा मेल आया। इसे भोपाल के अलावा अन्य एयरपोर्ट्स को भी टैग किया है।

29 अप्रैल 2024-इस दिन सुबह 9.30 बजे प्रबंधन के पास ऑफिशियल मेल पर अज्ञात आईडी से मेल किया गया। उसमें लिखा है कि एयरपोर्ट परिसर और कुछ एयरलाइंस के प्लेन में बम प्लांट किए गए हैं। इन्हें जल्द एक्टिव कर उड़ा दिया जाएगा। सुरेन्द्र सिंह पिता शिवप्रकाश सिंह ने शिकायत करते हुए बताया कि ईमेल में विमान ओर एअरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

12 मई 2024-12 मई को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट के साथ ही दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, अगरतला, गुवाहाटी, जम्मू, औरंगाबाद, बागडोगरा और कालीकट एयरपोर्ट्स को भी बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली थी।

## दो दिन पुराने शव की पहचान

### घर नहीं लौटे तो परिजन पुलिस के पास पहुंचे, पुलिस ने कराई पहचान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुआ इलाके में दो दिन पहले मिले एक युवक के शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम शशिकांत पुत्र रतनलाल खांडल निवासी उदयपुर है। दरअसल शशिकांत घर नहीं लौटे तो परिवार ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने उन्हें हुलिए के आधार पर शव की शिनाख्त करने के लिए बुलाया तो उनकी पहचान हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शशिकांत पुत्र रतनलाल खांडल निवासी उदयपुर झुनझुन का शव दो दिन पहले तीन ईमली चौराहे पर मिला था। शव को अस्पताल भेजा गया था। शशिकांत यहां किराये पर रहते थे। वे निजी कंपनी में लेखा अधिकारी के पद पर काम करते थे।


## फ्रेंचाइजी देने के नाम पर तीन लाख की ठगी

### सायबर सेल में युवक ने की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हल्दीग्राम की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर इंदौर के एक युवक से तीन लाख की ठगी हो गई। मामले की शिकायत साइबर सेल में की गई है। इंदौर निवासी एक युवक पढ़ाई पूर्ण करने के बाद व्यापार करना चाहता था। इसके चलते वह गूगल पर नामी कंपनियों की फ्रेंचाइजी सर्च कर रहा था।**

इस दौरान उसे एक नंबर मिला तो उसने उससे संपर्क किया इस पर सामने वाला बोला कि उसके लिए एडवांस में तीन लाख रूपए जमा करना होंगे। युवक उसकी बातों में आ गया और उसके बताए खाते में तीन लाख रूपए जमा कर दिए लेकिन बाद में न तो फ्रेंचाइजी मिली न ही पैसा। इस पर उसने साइबर सेल में शिकायत की। पुलिस बैंक खाते से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि गूगल पर ठगों ने नामी कंपनी के मिलते जुलते नामों के कई फर्जी एप डाल रखे हैं। लोग उन ऐप पर चले जाते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके पहले भी हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी के दो तीन मामले साइबर सेल तक पहुंचे थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक